SHRI K. KALAVENKATA RAO (Andhra Pradesh): Madam, I associate myself with the views expressed by the hon. Member.

### Establishment of Central Railways Headquarters at Nagpur

**श्री दत्ता मेघे** (महाराष्ट्र): उपसभापति महोदया, मध्य रेलवे का जोनल मुख्यालय नागपुर में स्थापित करने के संबंध में मैं इस विशेष उल्लेख द्वारा सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। महोदया, देश के ह्रदय स्थल पर बसे नागपुर शहर का महत्व देखते हुए तथा विदर्भ प्रदेश के विकास में सहायक होने की दृष्टि से देश के सभी क्षेत्रों को जोड़ने वाले रेलमार्ग नागपुर से होकर गुजरते हैं। इसलिए रेल यातायात की दृष्टि से नागपुर अपनी अलग पहचान रखता है।

महोदया, इस क्षेत्र के विकास एवं विदर्भ प्रदेश की जरूरत को ध्यान में रखते हुए हम यह चाहते हैं कि नागपुर शहर में मध्य रेलवे का जोनल मुख्यालय स्थापित किया जाए। इस विशेष उल्लेख के प्रस्ताव द्वारा मैं इस सदन के माध्यम से रेल मंत्री तथा केन्द्र सरकार के समक्ष विदर्भ प्रदेश के लाखों लोगों की यह मांग रखना चाहता हूं। इस सदन के माध्यम से मैं यह मांग करना चाहता हूं कि भुसावल डिवीजन कार्यालय तथा नागपुर डिवीजन कार्यालय को मिलाकर मध्य रेलवे का एक जोनल मुख्यालय बनाया जाए तथा यह मुख्यालय नागपुर में स्थापित किया जाए।

महोदया, आज मध्य रेलवे का मुख्यालय मुंबई में स्थित है। इसमें संपूर्ण महाराष्ट्र क्षेत्र जैसे मुंबई, पुणे, शोलापुर, भुसावल, नागपुर तथा बल्लारशाह और मध्य प्रदेश में खंडवा से लेकर झांसी तक के रेलमार्ग आते हैं। महाराष्ट्र में मध्य रेलवे के पांच विभागीय कार्यालय हैं। हम यह चाहते हैं कि मध्य रेलवे का मुंबई मुख्यालय विभाजित करके मुंबई, पुणे और शोलापुर को मिलाकर एक मुख्यालय बनाया जाए और भुसावल और नागपुर को मिलाकर एक मुख्यालय नागपुर में बनाया जाए।

महोदया, अगर यह मुख्यालय नागपुर में स्थापित हो जाए तो नागपुर से देश के हर क्षेत्र में जाने वाली गाड़ियां नागपुर से शुरू होंगी। इससे नागपुर और विदर्भ के किसानों की कृषि उपज तथा उद्योग समूह द्वारा निर्मित माल की ढुलाई में आसानी होगी और इसमें बढ़ोत्तरी भी होगी। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और नागपुर का जो ऐतिहासिक महत्व था, वह खोया हुआ महत्व उसे फिर से प्राप्त होगा। महोदया, मैंने बहुत डिटेल्स में भी लिखा है परन्तु मैं समय ज्यादा नहीं लेना चाहता हूं। लेकिन यह प्रस्ताव पास हो सकता है, देश में अलग-अलग जोन हो रहे हैं और हम चाहते हैं कि नागपुर तो राजधानी थी वह राजधानी नहीं रही। पूरे देश के अंदर कम से कम यह जोनल आफिस बनता है तो विदर्भ वासियों के लिए अच्छा होगा। यह यूनिट वाएबल है। जितने भी उनको चाहिए जोनल आफिस बनाएं। इसलिए यह प्रस्ताव मान्य होना चाहिए।

### Targeting of Railways by Terrorists

**श्री कलराज मिश्र** (उत्तर प्रदेश): महोदया, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आतंकवादी गतिविधियों में हो रही वृद्धि की ओर आकृष्ट करना चाहूंगा। जैसा कि सदन को इस बात की जानकारी है कि आतंकवादी संगठनों ने भारतीय रेल सम्पत्ति और रेल गाड़ियों को